# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (01 May)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-may-01

- 28 अप्रैल को दुनिया भर में **विश्व पशु चिकित्सा दिवस** का आयोजन किया गया। वर्ष 2000 से विश्व पशु चिकित्सा संघ द्वारा इस दिवस का आयोजन किया जाता है। विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर पशु चिकित्सालयों में पशुओं में पाए जाने वाले जीवाणुओं का दवाओं के प्रति प्रतिरोध विषय पर चर्चा की गई और लोगों को इस बारे में जागरूक किया गया। इस वर्ष इस दिवस की थीम **Value of Vaccination** रखी गई है। यह विषय इसलिये चुना गया है क्योंकि पशु चिकित्सा के लिये टीकाकरण बेहद आवश्यक है, इससे पशु स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा मिलता है तथा यह कई **जूनोटिक रोगकारकों** के प्रति मनुष्यों को होने वाले जोखिम को कम करता है।
- 29 अप्रैल को दुनिया भर में **अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस** का आयोजन किया गया। इस दिवस को मानाने की शुरुआत 1982 से हुई, जब यूनेस्को के अंतर्राष्ट्रीय थिएटर इंस्टीट्यूट की अंतर्राष्ट्रीय डांस कमेटी ने 29 अप्रैल को नृत्य दिवस के रूप में स्थापित किया। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य जनसाधारण को नृत्य की महत्ता से परिचित कराना है। यह **आधुनिक बैले नृत्य** के प्रणेता ज्यां-जॉर्जेस नोवरे का जन्मदिन भी है और यह भी एक बड़ा कारण है कि 29 अप्रैल को इस दिवस का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस की थीम **Dance and Spirituality** रखी गई है।
- सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक **स्टेट बैंक ऑफ इंडिया** ने 28 अप्रैल को देश के पहले **ग्रीन कार लोन** की शुरुआत की। बैंक ने इसकी दरें सामान्य ऑटो लोन के मुकाबले 0.20% कम रखी हैं। ग्रीन कार लोन के लिये कुछ शर्तें तय की गई हैं, जिन्हें पूरा करने के बाद लोन जारी होगा। फिलहाल इस लोन के लिये अप्लाई करने वालों से कोई प्रोसेसिंग चार्ज नहीं वसूला जाएगा। यह **इलेक्ट्रिक कार** की खरीदारी के लिये लॉन्च हुआ भारत का पहला ग्रीन कार लोन है। इस पहल का उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीदारी को बढ़ावा देना है। सामान्य कार लोन में 7 साल का रिपेमेंट पीरियड होता है, जबकि ग्रीन कार लोन में रिपेमेंट पीरियड 8 साल का होगा।
- भारत और चीन **वुहान** में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 'अनौपचारिक बैठक' का एक साल पूरा होने पर इस मध्य चीनी शहर में सप्ताह भर चलने वाले भारत महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं । इस मौके पर भारत ने वुहान में **कलर्स ऑफ इंडिया** सप्ताह की शुरुआत की है। इस दौरान नृत्य प्रस्तुति, सिनेमा प्रदर्शनी, फोटो प्रदर्शनी और व्यापार तथा पर्यटन को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। चीन में भारतीय राजदूत विक्रम मिसरी और वुहान के डिप्टी मेयर चेन शीजिन ने इस कार्यक्रम की शुरुआत की। बीजिंग में भारतीय दूतावास और भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद हुबेई प्रांतीय सरकार और वुहान नगर प्रशासन के सहयोग से इसका आयोजन कर रहे हैं। चाइना आर्ट एसोसिएशन ने भी इस कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग दिया है।
- **भारत और अमेरिका ने कर चोरी (Tax Evasion)** पर रिपोर्ट साझा करने का फैसला किया है। भारत सरकार ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों की अलग-अलग देश में दिखाई आय और उस पर कर के भुगतान की रिपोर्ट को आपस में साझा करने को लेकर अमेरिका के साथ हुए समझौते को अधिसूचित कर दिया है। इस अंतर- सरकारी समझौते से दोनों देशों को बहुराष्ट्रीय कंपनियों के कर चोरी के मामलों पर नज़र रखने में मदद मिलेगी। इस **CBC समझौते** के बाद अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनियों की भारत में काम करने वाली इकाई को भी अलग-अलग देशों की रिपोर्ट को स्थानीय स्तर पर जमा

कराना होगा। इससे कंपनियों का अनुपालन बोझ कम होगा। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की विभिन्न देशों के कारोबार की रिपोर्ट में उनकी अलग अलग देशों में होने वाली आय, भुगतान किये गए कर और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बारे में मिलने वाले दूसरे संकेतेकों के बारे में जानकारी उपलब्ध होगी। ऐसी बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ जिनका सालभर में कुल एकीकृत राजस्व 75 करोड़ यूरो अथवा इससे अधिक होता है, उन्हें देशवार रिपोर्ट मूल कंपनी वाले देश में जमा करानी होती है। 75 करोड़ यूरो को भारतीय नियमों के तहत 5,500 करोड़ रुपए के बराबर रखा गया है।

- **राणा दासगुप्ता** को उनके 2010 के उपन्यास **सोलो: ए टेल ऑफ एस्ट्रेंजेंट एंड द अल्टीमेट फेलियर ऑफ मटेरियल एक्जिस्टेंस** के लिये **रबींद्रनाथ टैगोर साहित्य पुरस्कार 2019** दिया गया। यह इस पुरस्कार का दूसरा संस्करण है और इसका उद्देश्य जीवन को परिवर्तित कर देने वाली कविताओं तथा पुस्तकों को पुनर्जीवित करना है। इस पुरस्कार के तहत विजेता को 10 हज़ार डॉलर, टैगोर की छोटी प्रतिमा तथा साहित्य में योगदान के लिये एक प्रमाणपत्र दिया जाता है। इस पुरस्कार की स्थापना विश्व शांति को बढ़ावा देने, साहित्य, कला तथा शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिये की गई है।
- जापान के **शकुबासी शिमोडा मरीन रिसर्च सेंटर** और अमेरिका की **यूनिवर्सिटी ऑफ फ्लाईमाउथ** के वैज्ञानिकों ने एक शोध के ज़रिये पता लगाया है कि जीवाश्म ईंधनों की वज़ह से समुद्रों में अम्लीय तत्त्वों की मात्रा तेज़ी से बढ़ रही है। इससे समुद्र में रहने वाले जीवों और समुद्र की मदद से जीवन यापन करने वाले करोड़ों लोगों पर खतरा मंडरा रहा है। इसके अलावा ज्वालामुखियों से निकलने वाले लावे से भी समुद्रों में अम्लीकरण की मात्रा बढ़ रही है। वैज्ञानिकों ने इस प्रक्रिया को **Acidification** नाम दिया है।
- लंबे समय से हिममानव की मौजूदगी को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जाते रहे हैं। कई बार लोगों द्वारा दुनिया भर में **हिममानव येति** को देखे जाने की घटनाएँ सामने आती रही हैं लेकिन इसकी मौजूदगी को लेकर कोई ठोस सबूत सामने नहीं आया था। अब पहली बार **भारतीय सेना** ने 'येति' की मौजूदगी को लेकर बड़ा दावा किया है। येति की मौजूदगी का अनुमान लगा रही भारतीय सेना ने **माउंट मकालू** से कुछ तस्वीरें ट्विटर पर साझा की हैं, जिनमें रहस्यमय पैरों के निशान दिखाई दे रहे हैं।